भारत सरकार
संस्कृति मंत्रालय

**लोक सभा**
**तारांकित प्रश्न संख्या *207**
उत्तर देने की तारीख 18.12.2023

**सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रम**

***207. श्री राजेन्द्र धेड्या गावित :**
**डॉ. उमेश जी. जाधव :**

क्या संस्कृति मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या भारत अन्य देशों के साथ सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रम चला रहा है;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(ग) सांस्कृतिक आदान-प्रदान के क्षेत्र में अन्य देशों के साथ की गई भागीदारी और सहयोग का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**संस्कृति, पर्यटन एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री**
**(जी. किशन रेड्डी)**

(क) से (ग) : विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

**'सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रम' के संबंध में दिनांक 18 दिसम्बर, 2023 को श्री राजेन्द्र धेड़्या गावित और डॉ. उमेश जी. जाधव द्वारा पूछे गए लोक सभा तारांकित प्रश्न संख्या *207 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में उल्लिखित विवरण**

(क) से (ग): संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार भारत की उदार सत्ता (सॉफ्ट पावर) को बढ़ावा देने हेतु विदेश में भारतीय कला एवं संस्कृति का प्रसार करने और कला एवं संस्कृति के विभिन्न क्षेत्रों जैसे कि संगीत, नृत्य, रंगमंच, संग्रहालयों एवं विज्ञान संग्रहालयों, पुस्तकालयों, अभिलेखागारों, ऐतिहासिक स्मारकों और पुरातात्विक स्मारकों के संरक्षण और परिरक्षण, साहित्य, शोध एवं प्रलेखन, महोत्सव, मानवविज्ञान में भारत और अन्य देशों के बीच अन्तर-सांस्कृतिक संबंधों को संवर्धित करने के लिए 83 देशों के साथ सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रम (सीईपी) कर रहा है। जिन 83 देशों के साथ संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार ने सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रमों पर हस्ताक्षर किए हैं, उनकी सूची **अनुलग्नक-I** पर दी गई है।

मौजूदा सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रमों के अनुसार या अन्यथा, संस्कृति मंत्रालय के तत्वावधान में विभिन्न संगठनों द्वारा कला और संस्कृति के विभिन्न क्षेत्रों में भागीदारी और सहयोग के लिए अन्य देशों के समकक्ष सांस्कृतिक संगठनों के साथ हस्ताक्षरित समझौता (एमओयू) ज्ञापनों का विवरण **अनुलग्नक-II** पर दिया गया है।

****

**अनुलग्नक-I**

**'सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रम' के संबंध में दिनांक 18 दिसम्बर, 2023 को पूछे गए लोक सभा तारांकित प्रश्न संख्या *207 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक**

**उन देशों की सूची जिनके साथ संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार ने सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रमों पर हस्ताक्षर किए हैं**

| क्र. सं. | देश का नाम | क्र. सं. | देश का नाम | क्र. सं. | देश का नाम |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | ऑस्ट्रेलिया | 30. | ग्रीस | 59. | सर्बिया |
| 2. | अर्मेनिया | 31. | हंगरी | 60. | स्लोवाकिया |
| 3. | बेनिन | 32. | इंडोनेशिया | 61. | स्लोवेनिया |
| 4. | बोत्सवाना | 33. | ईरान | 62. | स्पेन |
| 5. | बहरीन | 34. | आइसलैंड | 63. | सऊदी अरब |
| 6. | बांग्लादेश | 35. | इटली | 64. | सेनेगल |
| 7. | ब्रुनेई | 36. | जापान | 65. | सेशल्स |
| 8. | म्यांमार | 37. | जॉर्डन | 66. | सियरा लिओन |
| 9. | बोलीविया | 38. | कज़ाकिस्तान | 67. | दक्षिण अफ्रीका |
| 10. | बेलारूस | 39. | दक्षिण कोरिया | 68. | सूडान |
| 11. | बुल्गारिया | 40. | किर्गिजस्तान | 69. | श्रीलंका |
| 12. | ब्राज़ील | 41 | केन्या | 70. | सूरीनाम |
| 13. | कोमोरोस | 42. | लिथुआनिया | 71. | तंजानिया |
| 14. | कंबोडिया | 43. | मलेशिया | 72. | ट्यूनीशिया |
| 15. | चीन | 44. | मालदीव | 73. | ताजिकिस्तान |
| 16. | क्यूबा | 45. | मंगोलिया | 74. | थाईलैंड |
| 17. | चिली | 46. | मैक्सिको | 75. | तुर्किये |
| 18. | कोलंबिया | 47. | माली | 76. | तुर्कमेनिस्तान |
| 19. | क्रोएशिया | 48. | मॉरीशस | 77. | युगांडा |
| 20. | साइप्रस | 49. | मोरक्को | 78. | संयुक्त अरब अमीरात |
| 21. | चेक गणराज्य | 50. | नीदरलैंड | 79. | उज़्बेकिस्तान |
| 22. | डेनमार्क | 51. | नॉर्वे | 80. | वियतनाम |
| 23. | मिस्र | 52. | ओमान | 81. | वेनेज़ुएला |
| 24. | इथियोपिया | 53. | फिलिपींस | 82. | जाम्बिया |
| 25. | इक्वाडोर | 54. | पनामा | 83. | ज़िम्बाब्वे |
| 26. | फिनलैंड | 55. | पेरू | | |
| 27. | फ्रांस | 56. | पुर्तगाल | | |
| 28. | घाना | 57. | रूसी परिसंघ | | |
| 29. | गुयाना | 58. | रोमानिया | | |

******

अनुलग्नक-II

'सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रम' के संबंध में दिनांक 18 दिसम्बर, 2023 को पूछे गए लोक सभा तारांकित प्रश्न संख्या *207 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक

संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के संगठनों द्वारा सहयोग के संबंधित क्षेत्रों में अन्य देशों के साथ हस्ताक्षरित समझौता ज्ञापन का विवरण

| क्र. सं. | भारतीय संगठन का नाम | देश का नाम | सहयोग का क्षेत्र |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1. | इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केन्द्र, नई दिल्ली | ऑस्ट्रेलिया | सांस्कृतिक धरोहर संग्रहों की संरक्षा और संरक्षण |
| 2. | | कम्बोडिया | अंकोरवाट मंदिर पर संवादमूलक मल्टीमीडिया परियोजना आरंभ करना |
| 3. | | वियना | (i) सांस्कृतिक धरोहर संरक्षण के क्षेत्र में प्रशिक्षण कार्यशालाएं<br>(ii) संयुक्त शोध और संरक्षण परियोजनाएं<br>(iii) विद्यार्थियों, व्यावसायिकों और अध्यापकों के लिए प्रशिक्षुता |
| 4. | | फ्रांस | फ्रांस-दक्षिण एशिया डिजिटल पुस्तकालय |
| 5. | | थाइलैंड | थाइलैंड में परिरक्षित भारतीय मूल की पांडुलिपियों का प्रलेखन, संरक्षण और डिजिटीकरण |
| 6. | | वियतनाम | वियतनाम में परिरक्षित भारतीय मूल की पांडुलिपियों का प्रलेखन, संरक्षण और डिजिटीकरण |
| 7. | | जापान | जापान में परिरक्षित भारतीय मूल की पांडुलिपियों का प्रलेखन, संरक्षण और डिजिटीकरण |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 8. | भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण, नई दिल्ली | मिस्र | स्मारकों और पुरातात्विक स्थलों एवं पुरावशेषों का संरक्षण और परिरक्षण |
| 9. | | इटली | स्मारकों के जीर्णोद्धार और संरक्षा के लिए नेटवर्क का सृजन करना और कौशल साझा करना |
| 10. | राष्ट्रीय अभिलेखागार, नई दिल्ली | मोज़ाम्बिक | अभिलेखीय सहयोग |
| 11. | | पुर्तगाल | अभिलेखीय सहयोग |
| 12. | | सर्बिया | अभिलेखीय सहयोग |
| 13. | | सऊदी अरब | अभिलेखीय सहयोग |
| 14. | | सूरीनाम | अभिलेखीय सहयोग |
| 15. | | ईरान | अभिलेखीय सहयोग |
| 16. | केन्द्रीय उच्च तिब्बती शिक्षा संस्थान (भारत, सारनाथ, वाराणसी) | रूसी परिसंघ | अनुसंधान सहयोग |
| 17. | राष्ट्रीय आधुनिक कला संग्रहालय | ओमान | एनजीएमए संग्रह से 16 कलाकारों की कलाकृतियों की प्रदर्शनी के संबंध में |
| 18. | साहित्य अकादेमी | नेपाल | साहित्य |
| 19. | | सीरिया | साहित्य |
| 20. | ललित कला अकादेमी | क्रोएशिया | शिष्टमंडलों के आदान-प्रदान के माध्यम से ललित कला के शिक्षाविदों, रचनात्मक कलाकारों, संस्कृति प्रशासकों, शोधार्थियों और बुद्धिजीवियों के बीच सांस्कृतिक संबंधों को बढ़ाना। |

| | | | |
|---|---|---|---|
| **21.** | राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय | रूसी परिसंघ | दो पक्षों के बीच संकाय सदस्यों और शोधकर्ताओं के आदान-प्रदान, विद्यार्थियों के आदान-प्रदान, शैक्षणिक अनुसंधानों, व्याख्यान, कार्यशालाओं, फोरम और संयुक्त निर्माणों आदि जैसे क्षेत्रों में, परन्तु इन क्षेत्रों तक सीमित न रहते हुए, शैक्षणिक आदान-प्रदान और सहयोग को सक्रिय रूप से बढ़ावा देना। |
| **22.** | | रूसी परिसंघ | सूचना के आदान-प्रदान, आवधिक पत्रिकाओं और विशेषज्ञों के माध्यम से दो शैक्षिक संगठनों के बीच सांस्कृतिक और रंगमंचीय कला सहयोग के सुदृढ़ीकरण तथा विकास को बढ़ावा देना।<br>दोनों देशों में आयोजित महोत्सवों, सांस्कृतिक कार्यक्रमों और अन्य विशेष कार्यक्रमों में सहभागिता करने के लिए संगीत, रंगमंच, नृत्य नाटिका, लोक साहित्य, कलात्मक और व्यक्तिगत प्रस्तुतिकर्ताओं द्वारा आदान-प्रदान को प्रोत्साहित करना।<br><br>दोनों देशों में उनके विनियमों के अनुरूप आयोजित रंगमंचीय विद्यार्थी कार्यक्रमों, अंतरराष्ट्रीय महोत्सवों में परस्पर सहभागिता द्वारा आदान-प्रदान को सुविधाजनक बनाना।<br><br>अनुभव और कौशल साझा करने हेतु संगीत, रंगमंच, लोक कला के क्षेत्र में पक्षों के विशेषज्ञ शिष्टमंडलों और साथ ही विज्ञान संबंधी कार्यकर्ताओं का आदान-प्रदान करना ताकि वे वैज्ञानिक सम्मेलनों, संगोष्ठियों और विचारगोष्ठियों में भाग ले सकें। |
| **23.** | | यूनाइटेड किंगडम | विद्यार्थी आदान-प्रदान कार्यक्रम |
| **24.** | संगीत नाटक अकादेमी | नेपाल | आईसीएच लिंक्स- एशिया प्रशांत क्षेत्र में आईसीएच संबंधी सूचना साझा करने हेतु एकीकृत मंच का निर्माण। |

*****